जनजातीय गौरव दिवस सप्ताह का समापन

चर्चा में क्यों?

22 नवंबर, 2021 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंडला में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस सप्ताह के समापन समारोह में सम्मिलित हुए तथा कार्यक्रम स्थल से 600 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन व अन्य अनेक घोषणाएँ भी की।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 613 करोड़ 30 लाख रुपए की हालोन समूह जल प्रदाय योजना से मंडला ज़िले के 446 गाँवों में पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुँचाया जाएगा। नारायणगंज बीजाडोंडी समूह जल प्रदाय योजना से 182 गाँवों में पानी पहुँचाया जाएगा।
- मंडला में कंप्यूटर कौशल केंद्र-सह-पुस्तकालय का नाम परिवर्तित कर राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह पुस्तकालय तथा महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला का नाम परिवर्तित कर रानी फूल कंवर पॉलिटेक्निक कॉलेज किया ।
- मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मंडला में मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा, जिसका नाम राजा हृदय शाह मेडिकल कॉलेज होगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मानपुर का नाम टंट्या भील स्वास्थ्य केंद्र होगा। पाताल पानी स्थित टंट्या भील मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। पातालपानी रेलवे स्टेशन का नाम टंट्या भील रेलवे स्टेशन होगा।
- इसके साथ इंदौर स्थित भंवर कुआं चौराहे का नाम टंट्या भील चौराहा तथा इंदौर में एमआर-10 बस स्टैंड का नाम टंट्या भील बस स्टैंड करने की घोषणा की।
- इसके अलावा जो जनजातीय विद्यार्थी प्रदेश के विभिन्न संभागों में अध्ययन के लिये जाते हैं, उनकी समस्याओं के समाधान हेतु संभाग स्तर पर संभागीय सुविधा केंद्र खोले जाएंगे।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैगा योजना का मंच से डिजिटल शुभारंभ किया। योजना में बैगा समुदाय के सभी व्यक्तियों का घर-घर सर्वे कर उन्हें शासन की सभी संबंधित योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने बैगा संस्कृति पर प्रकाशित पुस्तक 'मैं बैगा हूँ'का विमोचन भी किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tribal-pride-day-week-concludes